B-19070401011800

B-19070401011800 Seat No. ______

B. R. S. (Sem. I) Examination

March - 2021

CORE-102 : Hindi

(New Course)

Time : $2\frac{1}{2}$ Hours] [Total Marks : **70**

सूचना : सभी प्रश्नों के उत्तर सूचनानुसार दीजिए ।

१ प्रेमचन्द के जीवन–कवन पर प्रकाश डालिए । १५

अथवा

१ उपन्यासकला के तत्त्वों के आधार पर 'गबन' उपन्यास का मूल्यांकन कीजिए । १५

२ रमानाथ की चारित्रिक विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए । १५

अथवा

२ 'गबन' एक समस्यामूलक उपन्यास है – तर्क संगत उत्तर दीजिए । १५

३ निम्नांकित में से किन्हीं **तीन** की ससन्दर्भ व्याख्या दीजिए । १५

(१) 'रमा की दशा इस समय उस शिकारी की थी, जो हिरनी को अपने शावकों के साथ किल्लोल करते देखकर तनी हुई बन्दुक कंधे पर रख लेता है और वात्सल्य और प्रेम की क्रीडा देखने में तल्लीन हो जाता है ।'

(२) 'जब तक जीवन के द्वार पर एक रक्षक बैठा हुआ था, उसे किसी कुत्ते या बिल्ली, चोर–चकोर की चिन्ता न थी, लेकिन अब द्वार पर कोई रक्षक न था, इसलिए वह सजग रहती थी ।'

(३) 'यह मैं नहीं कहती कि भोग विलास से मेरा जी भर गया या गहने कपड़े से मैं ऊब गई या सैर–तमाशे से मुझे घृणा हो गयी । यह सब अभिलाषाएँ ज्यों – की – त्यों हैं ।'

(४) 'कैसी बेशर्मी की बातें कहते होजी ? क्या तुम इतने गये बीते हो कि अपनी रोटियों के लिए दूसरों का गला काटो ? मैं इसे नहीं सह सकती । मुझे मजदूरी करना, भूखों मर जाना मंजूर है ।'

(५) 'जिस चीज पर मेरा कोई अधिकार नहीं, वह मेरे लिए वैसी ही है जैसे किसी गैर आदमी की चीज । मैं दया की भिखारिणी न बनूँगी । संसार में हजारों विधवाएँ है, जो मेहनत–मजूरी करके अपना निर्वाह कर रही है ।'

४ आधुनिक आदर्श भारतीय नारी के रूप में जालपा का चरित्र–चित्रण कीजिए । १५

अथवा

४ गबन उपन्यास में चित्रित सामाजिक व्यवस्था पर प्रकाश डालिए । १५

५ रतन की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । १०

अथवा

५ गबन उपन्यास में निरूपित महाजनी सभ्यता पर प्रकाश डालिए । १०